हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

12 एसडीएम सिरसा व कालांवाली ने शहर का...



11 समाधान शिविर में ढाणी से बरसाती पानी निकासी की...




# सप्ताहभर में शहर के 9 युवाओं की अकस्मात मौत ने झकझोर कर रख दिया फतेहाबाद

## कोई दुर्घटना तो कोई गंभीर बीमारियों का शिकार बने शहर के युवा, सभी के परिवारों में मातम-सा माहौल

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद

पिछले एक सप्ताह में सडक़ दुर्घटना या असमय अनहोनी में फतेहाबाद शहर के करीब 9 युवा काल का ग्रास बन गए। सप्ताहभर में लगातार हो रही युवाओं की मौत से फतेहाबादवासी सकते हैं। जहां इनके परिजनों को असमय मौतों ने झकझोर कर रख दिया है वहीं शहर में एक तरह से मातम-सा छाया हुआ है। इनमें से कुछ युवा दुर्घटना का शिकार हुए तो बाकी युवाओं को बीमारियों ने अपनी आगोश में ले लिया। सप्ताहभर पहले स्वर्णकार सभा फतेहाबाद के प्रधान कृष्ण सोनी के भाई पार्षद सीताराम सोनी का अचानक निधन हो गया। सीताराम सोनी कुछ समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। हाल में ही सरकार ने उन्हें पार्षद मनोनीत किया था। उसके बाद स्वर्णकार सभा के ही सदस्य सत्यनारायण सोनी का अकस्मात देहांत हो गया था। वह भी कैंसर बीमारी से पीड़ित थे।

**खास बातें**

- मरने वालों में अधिकांश युवा घर के इकलौते चिराग थे
- जिन परिवारों ने अपना इकलौता चिराग खोया वे अभी तक सदमें से नही उबरे

### ज्यादातर इस कारण हुई मौतें

रविवार को गांव खाराखेड़ी में बारिश के कारण छत गिरने से सोनू नामक एक युवक की मौत हो गई। बात यही नहीं रूकी, रविवार को चण्डीगढ़ से लौट रहे एक नौजवान अमन डुडेजा की डिजायर कार गांव धारसूल के पास गड्ढे में पलट गई। दरअसल जहां गाड़ी पलटी वहां दलदल था, जिससे अमन की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि उसके माता-पिता सहित कार सवार बच्चे को पुलिस ने बचा लिया। रविवार सुबह सब्जी विक्रेता बनवारी तनेजा के युवा पुत्र महेश तनेजा निवासी शिव चौक, फतेहाबाद की भी अचानक मौत हो गई। बताया गया है कि अल्सर के चलते महेश की आंत फट गई थी और वह दिल्ली के अस्पताल में एडमिट था। महेश के माता-पिता ने उपचार पर काफी खर्च किया लेकिन फिर भी उसे बचाया नहीं जा सका। इसके अलावा शहर के युवा रवि सेठी पुत्र पवन सेठी निवासी धर्मशाला रोड, फतेहाबाद की भी पिछले दिनों बीमारी के चलते मौत हो गई।



फतेहाबाद। सप्ताहभर में जान गंवाने वाले शहर के युवा। *फोटो: हरिभूमि*

सोमवार होते-होते फिर बुरे समाचार आने शुरू हो गए। यहां जवाहर चौक में मशहूर ज्ञान मेहंदीरत्ता की पुत्री वाधिका का भी बीमारी के कारण निधन हो गया। वाधिका जवाहर चौक के मशहूर ओमप्रकाश शीशे वाले की भतीजी है। वहीं जवाहर चौक के मशहूर पनवाड़ी पवन कुक्कड़ के पुत्र सागर की सोमवार को अकस्मात मौत हो गई। सोमवार दोपहर को यहां की शिवपुरी में लगातार चार संस्कार किए गए। इनमें पहला राजू चाय वाले की माता, दूसरा वाधिका, तीसरा अमन का अंतिम संस्कार हुआ जिसमें काफी लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजली दी। शहर में एक सप्ताह में लगातार 9 युवाओं की मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इन मौतों में अधिकांश युवा अपने घर के इकलौते चिराग थे।

## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी के मुख्य सप्लायर को किया काबू

**फतेहाबाद।** हेरोइन तस्करी के एक मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मुबारिक खान पुत्र याकिन शाह निवासी खिजरपुर, जिला कासगंज, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान भोडिया खेड़ा महिला कॉलेज मोड़ पर मौजूद थी। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि अजय पुत्र रमेश कुमार, निवासी भाटिया कॉलोनी, हंस कॉलोनी में नशा बेचने का कार्य करता है।

### डोडा पोस्त तस्करी में एक और आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** डोडा पोस्त तस्करी के एक बड़े मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान तफसीर ख़ान पुत्र लाल खान निवासी सलारपुर खालसा, जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5 हजार नकद राशि भी बरामद की है।

### हेरोइन सहित दो युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस ने गश्त के दौरान बाइक सवार दो युवकों को बाजीगर मोहल्ला क्षेत्र से 15 ग्राम 27 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी रराजेंद्र कुमार ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम एएसआई अशोक कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान केलनियां रोड बाजीगर मोहल्ला में मौजूद थी। इस दौरान सामने से दो युवक बाइक पर सवार होकर आते दिखाई दिए। सामने पुलिस की गाड़ी देखकर भागने का प्रयास किया।

### लगातार तीसरी बार शत प्रतिशत अपलोड हुआ मन की बात कार्यक्रम

**फतेहाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के ऐपिसोड को फतेहाबाद जिले में लगातार तीसरी बार शत प्रतिशत सुना गया और पोर्टल पर भी अपलोड किया गया। इस संदर्भ में भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने खुशी जताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, लगन और निष्ठा के चलते यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं सभी मंडल संयोजकों की कड़ी मेहनत और एकाग्रता के चलते जिले के सभी 708 मंडलों पर लगातार तीसरी बार शत प्रतिशत इस ऐपिसोड को सुना गया और सफलतापूर्ण अपलोड भी किया गया।

### देश की सेवा के बाद बैंक से रिटायर हुए अमरजीत

**फतेहाबाद।** अनाजमंडी के पास स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में बतौर गार्ड अपनी सेवाएं देने वाले अमरजीत सिंह ढिल्लों की सेवानिवृति पर बैंक चीफ मैनेजर तरुण मिढ़ा और स्टॉफ सदस्यों द्वारा सम्मान आयोजित कर उन्हें ससम्मान विदाई दी। इस अवसर पर एसबीआई एम्प्लॉयज यूनियन चंडीगढ़ के सदस्यों ने भी उन्हें सम्मानित किया। इससे पूर्व बैंक परिसर में अपने परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचे अमरजीत सिंह ढिल्लों का बैंक स्टॉफ सदस्यों ने स्वागत अभिनंदन किया।

### पांच माह से ग्राम सचिवों को वेतन नहीं, ज्ञापन

**फतेहाबाद।** ग्राम सचिव वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुंडू के नेतृत्व में जिले के दर्जनों ग्राम सचिवों ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी फतेहाबाद से समय पर वेतन न मिलने बारे मुलाकात की। ग्राम सचिवों ने बताया कि जिले में कार्यरत ग्राम सचिवों को समय से वेतन नहीं मिल रहा है।

## जिले में नरमे की फसल करीब-करीब हो चुकी है नष्ट, डीसी ने किया दौरा

# जिले में बारिश का कहर जारी राहत: घग्गर में जलस्तर घटा

*बाढ़ जैसे हालातों से निपटने के लिए प्रशासन गंभीर, मौके का दौरा कर अफसर कर से लोगों को सचेत*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले में बारिश का कहर लगातार जारी है। बीती रात जिलेभर में बादल जमकर बरसे। बरसात से भूना, जाखल, कुलां, भट्टू में जलभराव हो गया जिससे आबादी प्रभावित हुई है। भूना में तो लोग पलायन करना शुरू कर गए हैं। भट्टू में नरमे की फसल बरसात से करीब-करीब नष्ट हो चुकी है। उधर राहत की बात यह रही कि घग्गर में पीछे से जलस्तर कम हुआ है हालांकि चांदपुरा में जलस्तर अभी स्थिर है। उधर, जिला प्रशासन किसी तरह की आपदा से निपटने को लेकर अलर्ट नजर आ रहा है। बीती रात भूना में 11 एमएम, रतिया में 35, कुलां में 16 और फतेहाबाद में 73 एमएम बारिश दर्ज की गई। यह आंकड़ा सोमवार सुबह 8 बजे तक का है। सिंचाई विभाग की रिपोर्ट के अनुसार सोमवार शाम को गुहला चीका में घग्गर का जलस्तर 42342, खनौरी में 11375 व चांदपुरा में 12500 क्यूसिक दर्ज किया गया जो राहत की बात है। उपायुक्त मनदीप कौर ने सोमवार को चांदपुरा क्षेत्र में घग्गर नदी का दौरा कर मौजूदा हालात का निरीक्षण किया।

**बीती रात भूना में 11 एमएम, रतिया में 35, कुलां में 16 और फतेहाबाद में 73 एमएम बारिश दर्ज की गई।**



फतेहाबाद। चांदपुरा क्षेत्र में घग्गर नदी का दौरा कर मौजूदा हालात का निरीक्षण करती उपायुक्त मनदीप कौर। *फोटो: हरिभूमि*

### प्रशासन की टीमें सतर्क

डीसी मनदीप कौर ने कहा कि जिला प्रशासन की टीमें लगातार फील्ड में रहकर निगरानी कर रही हैं। घग्गर के जलस्तर की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि किसी भी तरह के बदलाव पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि आपसी तालमेल और समन्वय से ही कार्य करें, जिससे किसी भी आपात स्थिति का तुरंत और प्रभावी समाधान हो सके।

### टोहाना, जाखल और पंजाब बॉर्डर का निरीक्षण

उपायुक्त मनदीप कौर ने केवल चांदपुरा के साथ ही टोहाना और जाखल क्षेत्र के साथ लगते पंजाब के इलाकों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की स्थिति का जायजा लेते हुए कहा कि सीमा से लगते क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए, क्योंकि इन क्षेत्रों से आने वाले पानी का सीधा असर हरियाणा के गाँवों और खेतों पर पड़ सकता है।



सिरसा। घग्गर के तटबंधों का निरीक्षण करते डीसी। *फोटो: हरिभूमि*

### घग्गर के तटबंधों का किया निरीक्षण

- अधिकारियों को पुख्ता प्रबंध करने के दिए निर्देश

*सिरसा। घग्गर नदी के जलस्तर व तटबंधों की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से निगरानी कर रहा है। सिंचाई विभाग की 24 टीमें घग्गर नदी की दिन रात निगरानी रखते हुए सतर्कता बरत रही है। जिला प्रशासन के आला अधिकारी भी लगातार घग्गर का निरीक्षण कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। जानकारी के मुताबिक दोपहर तीन बजे तक सरदूलगढ के पास 23 हजार 800 क्युसिक पानी वहीं ओटू डाउन स्ट्रीम में 17 हजार 500 क्यूसिक पानी चल रहा है। इसके अलावा टीमें घग्गर से जुड़ी ड्रैन व चैनल पर भी नजर बनाए हुए हैं।सोमवार को उपायुक्त शांतनु शर्मा ने घग्गर के तटबंधों गांव मत्तड़, मुसाहिबवाला आदि का निरीक्षण किया। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने इस दौरान तटबंधों को और मजबूत किए जाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने घग्गर में जलस्तर को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि घग्गर के जलस्तर व तटबंधों की सुरक्षा संबंधी 24 घंटे निगरानी रखी जाए ।*

## सिरसा में दो मकानों की गिरी छत, एक की दीवार ढही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिला में पिछले तीन-चार दिनों से लगातार हो रही बरसात लोगों के लिए आफत बनकर बरस रही है। बरसाती पानी जहां लोगों के घरों में घुस गया है, वहीं कच्चे मकानों को भी क्षति पहुंच रही है। जिला प्रशासन ने भी एडवाइजरी जारी कर बेवजह घरों से बाहर न निकलने की अपील की है। जिले के गांव रिसालिया खेड़ा में तेज बारिश के चलते रविवार रात एक मकान की दीवार ढह गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन और पंचायत की लापरवाही से बरसाती मौसम में यही स्थिति बनती है। थोड़ी-सी भी बरसात में गलियों में दो से तीन फीट तक पानी भर जाता है। मकान मालिक कुलदीप ने बताया कि वे कई बार पंचायत को गली को ऊंचा करने और निकासी व्यवस्था सुधारने के लिए कह चुके हैं, लेकिन पिछले दो सालों से कोई कार्रवाई नहीं हुई।



सिरसा। गांव दौलतपुरखेड़ा में ढही मकान की छत। *फोटो: हरिभूमि*

### बाल-बाल बचे सदस्य

उधर, गांव पन्नीवाला मोटा में बरसात की वजह से एक मकान की छत गिर गई। इस हादसे में परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए, लेकिन कमरे में रखा सामान मलबे के नीचे दबने से नष्ट हो गया। राजेंद्र कुमार के घर की एक कमरे की छत रविवार रात को गिर गई। हालांकि हादसे के समय राजेंद्र कमरे में ही था, लेकिन छत गिरने का आभास पाकर वह अचानक बाहर आ गया। इस दौरान उसे मामूली चोटें आई हैं। बड़ा हादसा होने से टल गया।

### प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

सिरसा। जिले में लगातार बारिश के कारण कई स्थानों पर पानी जमा हो गया है, वहीं घग्गर नदी के जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी में नागरिकों से अगले दो-तीन दिनों तक बेवजह घर से बाहर न निकलने और बारिश के कारण जमा हुए पानी वाले क्षेत्रों से अनावश्यक आवागमन न करने की अपील की गई है। इसके अलावा बिजली के पोल व नदी-नालों से दूरी बनाए रखने की अपील की गई है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने आमजन से अपील की कि बारिश के मौसम को देखते हुए नागरिक बिना किसी आवश्यक कार्य के घर से बाहर न निकलें और सुरक्षित स्थानों पर ही रहें। जलभराव वाले क्षेत्रों से निकलने से बचें, इसके अलावा नदी-नालों से भी दूर रहें, क्योंकि कई बार पानी की गहराई और तेज बहाव के चलते हादसों का खतरा बढ़ सकता है।

## 214 आरोपी पहुंचाए सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

अगस्त माह फतेहाबाद में अपराधियों पर भारी पड़ा। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में जिलेभर में चलाए गए विशेष अभियान के तहत 214 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इनमें नशा तस्कर, अवैध हथियार रखने वाले, शराब माफिया, स्नैचर, सट्टेबाज और फरार उद्घोषित अपराधी शामिल हैं। अगस्त माह के दौरान पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 26 मामले दर्ज कर 43 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से करीब 5.50 करोड़ की 1.259 किलोग्राम हेरोइन, 70.630 किलोग्राम चूरा पोस्त, 35.550 किलोग्राम गांजा, 4080 प्रतिबंधित टेबलेट्स बरामद की है। इनमें से 6 मामले कमर्शियल मात्रा के पाए गए। अवैध शराब तस्करों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 23 मामलों में 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 507 बोतल देशी ठेका शराब, 230 बोतल हथकढ़ शराब, 110 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की।

### पुलिस ने अगस्त में बरामद की करोड़ों की हेरोइन

*सोशल मीडिया अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने 45 सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों के अकाउंट आईटी एक्ट के तहत बंद करवाए, जो समाज में भ्रामक व आपत्तिजनक कंटेंट फैला रहे थे। इसके साथ ही 115 फॉलोअर्स को नोटिस जारी कर उन्हें अनफॉलो करवाया गया। अवैध हथियारों रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 8 मुकदमे दर्ज कर 10 आरोपियों को काबू किया।*

## लोन क्लोज करने के नाम पर लाखों ठगे, काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

पुलिस ने लाखों रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक आरोपी को दिल्ली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए ठग की पहचान समीर मसीह निवासी द्वारका दिल्ली के रूप में हुई है। डबवाली साइबर शाखा प्रभारी अरविंद कुमार ने सोमवार को बताया कि इस संबंध में डबवाली निवासी पीड़िता के पति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि उसके पत्नी के नाम एक कंपनी से करीब तीन लाख रुपये का लोन चल रहा था, जिसकी वे दस किस्त भर चुके हैं। उन्होंने बाकी लोन राशि एकमुश्त चुकाने की रिक्वेस्ट डाली हुई थी। इसी बीच उसकी पत्नी के फोन पर अज्ञात मोबइल से काल आया कि आपने लोन राशि चुकाने का मैसेज डाला हुआ है जिस पर उसकी पत्नी ने हां भर दी और पूरी डिटेल सांझा कर दी। काल करने वाले ने उसकी पत्नी का नाम लेकर व लोन की सारी डिटेल बताकर लोन की बची हुई राशि 2,22,158 रुपये भरने के लिए 94,900 रुपये का एक फोन पे लिंक भेजने की बात कही और उस लिंक पर क्लिक कर ओटीपी बताने को कहा।



सिरसा। पुलिस हिरासत में आरोपी।

### ऐसे बनाया शिकार

पीड़िता को फिर से अज्ञात नम्बर से लिंक प्राप्त हुआ लेकिन युपीआई की लिमिट पूरी होने के कारण पैसे नहीं भेजे गए। आरोपी ने कहा कि आप यह राशि कल कर देना। अगले दिन उसे उसी नम्बर से 97,900 रुपये का फोन पे लिंक प्राप्त हुआ और क्लिक कर उसने ओटीपी बता दिया और खाते से उक्त राशि कट गई। बची राशि के लिए कॉल करने वाले ने उसका डेबिट कार्ड का नंबर और ओटीपी मांगा और 48 घंटे में लोन क्लोज होने और एनओसी देने की बात कही।


**आफत की बारिश** ग्रामीण क्षेत्रों में नुकसान ज्यादा, कहीं कच्चे मकान ढहे , कहीं फसलें जमीन पर बिछीं


# सिरसा शहर हुआ जलमग्न, स्टॉर्म वाटर प्रोजेक्ट बना जी का जंजाल

*लगातार हो रही बरसात से लोगों की बढ़ी चिंता, शहर में अधिक परेशानी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

लगातार हो रही बरसात से हालात खराब हो गए हैं। कई जगह पर जलभराव हो गया है और लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नरमा, ग्वार, बाजार आदि फसलों पर भी बरसात का असर देखा जा रहा है। किसानों को डर सता रहा है कि यदि बरसात और हुई तो फसलें बर्बाद हो जाएंगी। रविवार रात हुई भारी बरसात के चलते शहर जलमग्न हो गया है। सोमवार को भी दिन भर बरसात रूक रूक कर होती रही। बरसात के चलते बाजारों और गलियों में जलभराव हो गया है। रानियां रोड भी कुछ जगह टूट चुका है। विधायक गोकुल सेतिया स्वयं बाजारों में नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ बंद हुए सीवर खुलवाने पहुंचे। सिरसा शहर में परशुराम चौक, अंबेडकर चौक, नोहरिया बाजार, रानियां रोड, जनता भवन रोड, शिव चौक, सूरतगढिया बाजार, गोल डिग्गी चौक आदि में डेढ से दो फुट तक पानी जमा हो गया है। जिससे अधिक परेशानी हो रही है।





सिरसा। बरसाती पानी में डूबा शहर का शिव चौक, जंडवाला मोहल्ला क्षेत्र में जमा हुआ बरसाती पानी, कांग्रेस भवन में घुसा पानी तथा जलभराब के कारण गड्ढों में धंसी गाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

### ग्वार की फसल जमीन पर बिछी

चोपटा क्षेत्र के गांव जमाल दुकड़ा व जोड़कियां की गलियां पानी से लबालब हो गई है। घरों में पानी घुस गया जिससे मकान गिरने शुरू हो गए हैं। वहीं खेतों ग्वार की फसल भी जमीन पर बीत गई है। गांव जोड़किया में ग्रामीण मघाराम के मकान की छत गिर गई। वही लीलू राम डूडी की करीब 30 फुट लंबाई की पक्की दीवार ढह गई।



### घग्गर के तटबंध को किया जा रहा मजबूत

**रतिया।** रतिया क्षेत्र से गुजर रही घग्गर नदी एक बार फिर उफान पर है। पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बरसात के बाद पिछले कई दिनों से घग्गर का जलस्तर बढ़ रहा है। बढ़ते जलस्तर ने एक बार फिर घग्गर किनारे बस गांवों के लोगों को बाढ़ की चिंता सताने लगी है। वर्ष 2023 में भी घग्गर के बढ़ते जलस्तर के कारण जिलावासियों को बाढ़ का सामना करना पड़ा था। सोमवार को फिर पहाड़ी क्षेत्र में हो रही बारिश के बाद चांदपुरा साइफन पर जलस्तर 12,500 क्यूसेक व घग्गर नदी के बुढलाडा रोड पर 8 गेज तक पहुंच गया। इससे पहले पिछले सप्ताह जलस्तर 4350 क्यूसेक था लेकिन शनिवार को 6600 और रविवार को 10,500 क्यूसेक हो गया था। सोमवार को चांदपुरा साइफन पर जलस्तर 12,500 क्यूसेक तक पहुंच गया।

## खबर संक्षेप

### रोडवेज चालक की हार्ट अटैक से बस में मौत

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद डिपो में तैनात बस के चालक की सोमवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक की पहचान 56 वर्षीय प्रकाश चंद्र के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब वह एक निजी बस में सवार होकर पुराने बस स्टैंड की ओर आ रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, बस जैसे ही पुराने बस स्टैंड के नजदीक पहुंची तो बस चालक प्रकाश चंद्र को अचानक सीने में तेज दर्द हुआ और कुछ ही देर में वह बेसुध हो गए। आसपास मौजूद लोगों और सहकर्मियों ने तुरंत उन्हें संभालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### खेत से बिजली के तार चुराने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** खेत से बिजली की तार चोरी करने के एक मामले में थाना भुना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी भुना ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 31 अगस्त को सोमनाथ पुत्र नंदलाल निवासी वार्ड नं. 6, भुना की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के ने कहा था कि अजय पुत्र बब्लू नायक निवासी वार्ड नं. 6 भूना द्वारा उसके खेत से बिजली की तार चोरी कर ली गई है। शिकायत पर थाना भुना में संबंधित धाराओं के अंतर्गत अभियोग दर्ज कर त्वरित कार्रवाई आरंभ की गई। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे 50 फुट चोरी की बिजली की तार बरामद की है। पकड़े गए युवक की पहचान अजय के रूप में हुई है।

### अवैध पिस्तौलों सहित दो युवक पकड़े गए

**फतेहाबाद।** अपराध और अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस ने फतेहाबाद व रतिया क्षेत्र से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में सीआईए रतिया पुलिस ने जांडवाला मोड़, अयालकी के पास एक संदिग्ध युवक को दबोचकर उसके कब्जे से 315 बोर की अवैध पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सीआईए रतिया प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल ने बताया कि हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में नियमित गश्त कर रही थी। इस दौरान एक युवक पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध व्यवहार करते हुए पीछे मुड़ने लगा। संदेह के आधार पर युवक को तुरंत काबू किया गया।

### सीए एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**डबवाली।** सीए एसोसिएशन की बैठक रीगल पैलेस के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें आयकर रिटर्न (आईटीआर) और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक उपरांत एसोसिएशन प्रतिनिधि ने बताया कि हाल ही में जारी की गई नई बैलेंस शीट में बहुत विस्तृत जानकारी देनी होती है। आईसीएआई द्वारा जारी नए फॉर्मेट में अब पिछले दो वर्षों का तुलनात्मक डेटा भरना होगा जिस कारण काम पूरा करने में अधिक समय लग रहा है। इसके अलावा टैक्स ऑडिट में बड़े पैमाने पर हुए बदलावों एवं विशेषकर एमएसएमई को फाइनल पेमेंट के बारे में जो अतिरिक्त जानकारी सीबीडीटी द्वारा मांगी गई है तथा आईसीएआई द्वारा फाइनेंशियल स्टेटमेंटस के फॉर्मेट में किए गए बदलावों के बारे में गहन विचार-विमर्श किया गया।

### ओढ़ा के श्री दुर्गा मंदिर में लगाया भंडारा

**ओढां।** श्री दुर्गाष्टमी के अवसर पर ओढ़ा स्थित दुर्गा मंदिर में श्री दुर्गा भजन मंडल द्वारा गांववासियों के सहयोग से चौबीसवां भंडारा लगाया गया। भंडारे का शुभारंभ दुर्गा मंदिर के पुजारी देव शर्मा ने आद शक्ति दुर्गा माता, अन्नपूर्णा माता, देवों के देव श्री महादेव, ग्यारहवें रूद्र अवतार श्री हनुमान और भैरों देव को भोग लगाकर कंजक पूजन के साथ किया। इस दौरान रानी गर्ग और किरण खुराना की देखरेख में श्री दुर्गा नारी मंडल की महिलाओं ने रोटी बनाने और बर्तन साफ करने की सेवा की। भंडारे में श्री दुर्गा भजन मंडल के प्रधान जसपाल तगड़, छोटू राम शर्मा, पवन गर्ग, बजरंग गर्ग, रामपाल सिंगला, रामलाल गर्ग, विनोद गोयल आदि रहे।

## शिविर में कॉलोनी में पीने के पानी की सप्लाई करवाने की मांग

# समाधान शिविर में ढाणी से बरसाती पानी निकासी की मांग, रोहताश ने की शिकायत

- प्रत्येक सोमवार व वीरवार कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं
- संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की एक्शन टेकन रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एडीसी अनुराग ढालिया।

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ नागरिकों की शिकायतें सुनी।

एडीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा एक छत के नीचे नागरिकों की शिकायतों के यथाशीघ्र निपटारे के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक सोमवार व वीरवार कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक नागरिक की शिकायत के निदान के उद्देश्य से ही समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। समाधान शिविर में टोहाना निवासी रोहताश ने खेत में ढाणी में बरसाती पानी की निकासी करवाने, भूथन कलां निवासी औम प्रकाश कुलडिय़ा ने बिजली की तारों को ऊंचा करवाने, जांडली खुर्द निवासी भीम सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने, हरनाम कौर ने गैस सिलेंडर की सब्सिडी दिलवाने, दरियापुर निवासी राधा रानी ने मकान की मुरम्मत करवाने, ढांड निवासी मोनू ने राशन कार्ड बनवाने, जांडवाला सौतर निवासी कृष्ण ने मनरेगा के काम की बकाया मजदूरी दिलवाने, समस्त हंस कॉलोनी निवासी सुनीता व छोटा देवी आदि ने कॉलोनी में पीने के पानी की सप्लाई करवाने तथा हसंगा निवासी राम निवास ने खेतों में पाइप लगवाने संबंधी अपनी शिकायत दी। एडीसी ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों की एक्शन टेकन रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाए।

## मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत

### साइन बोर्ड उतारे जाने से खफा पूर्व पार्षद पहुंचे समाधान शिविर में



**सिरसा।** शहर के पूर्व पार्षदों का दल सोमवार को स्थानीय स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे और संबद्ध अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को लिखित शिकायत भेजकर उनके साइन बोर्ड उखाड़कर कबाड़ में फेंकने वाले अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की। पूर्व पार्षदों ने सामूहिक रूप से अपनी शिकायत में कहा कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा पिछले 8 वर्षों से सिरसा शहर के पूर्व पार्षदों के निवास के बाहर लगे साइन बोर्ड को उतारकर अब कबाड़ में डाल दिया गया है, जिस पर शहर के सभी पूर्व पार्षदों में कड़ा रोष है। सभी पूर्व पार्षदों ने कहा कि सीएम हरियाणा इस मामले की तुरंत उच्च स्तरीय जांच करवाकर बोर्ड उतरवाने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें और हटाए गए साइन बोर्ड को दोबारा से हटाए गए स्थान पर लगाया जाए। शिकायत में कहा गया कि उनके बतौर नगर पार्षद रहते वर्ष 2017 में नगर परिषद की तरफ में करीब आठ लाख की लागत से सभी नगर पार्षदों के आवास के आगे साइन बोर्ड लगाए गए थे परंतु आठ साल बाद अब नगरपरिषद प्रशासन ने इन साइन बोर्डों को हटवाकर नगर परिषद कार्यालय के कबाड़ में डाल दिया गया है जबकि पूर्व नगर पार्षदों से नगरपरिषद इन बोर्डों की एवज में राशि भरवाकर इन्हें लगा रहने दे सकती थी। सभी पूर्व पार्षदों ने एकस्वर में कहा कि ये सब राजनीतिक षड्यंत्र के चलते नगरपरिषद द्वारा जल्दबाजी में लिया गया फैसला है। ऐसे में प्रदेश सरकार को सरकारी राजस्व की हानि हुई है वहीं राजनैतिक द्वेषता से पूर्व पार्षदों के साइन बोर्ड हटाने की भी नई परंपरा शुरू हो गई है। शिकायत की गई है कि सिरसा शहर में विभिन्न पदों पर रहे राजनेताओं के साइन बोर्ड उनका कार्यकाल पूरा होने के काफी समय बाद भी आज तक नहीं हटाए गए।


भूना। बाढ़ की त्रासदी से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए सामग्री एकत्रित करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## ग्रामीणों ने दिखाई मानवता

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

पंजाब में आई बाढ़ की त्रासदी से जूझ रहे लोगों की मदद के लिए फतेहाबाद जिले की ढाणी गोपाल के ग्रामीणों ने सराहनीय पहल की है। गांव के युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर लगभग 70 क्विंटल राहत सामग्री एकत्र की है, जिसमें गेहूं, आटा, सरसों का तेल, दाल, चीनी, बिस्किट सहित अन्य जरूरी सामान शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि यह राहत सामग्री पूरे गांववासियों के सहयोग से जुटाई गई है। लोगों ने अपने घरों से दिल खोलकर मदद दी, ताकि संकट की इस घड़ी में पंजाब के जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके। ग्रामीणों ने बताया कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। जब देश के किसी कोने में संकट आता है, तो हम सबका फर्ज है कि हम एकजुट होकर मदद करें। गांव के सुरेंद्र खिचड़ में अमित फगेडिया ने बताया कि यह सिर्फ एक शुरुआत है। यदि आवश्यकता हुई तो भविष्य में और भी सहायता भेजने के लिए गांव तैयार रहेगा। बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए ढाणी गोपाल की यह पहल निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक संदेश देने वाली है।

**इन्होंने निभाई भूमिका**

इस राहत कार्य में अहम भूमिका निभाने वालों में सुरेन्द्र खिचड़, हवा सिंह सिहाग, इंद्र सिंह कसवां, शेर सिंह गोदारा, अमित फगेडिया, गलू सिहाग, दिनेश कुमार, दीपक कुमार, गोलू सहारन, अजीत फगेडिया, नवीन सिहाग, मोहित कुमार, संजय सोनी, मनदीप साहरण, राजेश कुमार, जगदीश नंबरदार, मोलू गोदारा, राहुल गोदारा, अंकित बिडासरा, संजय सिहाग और सतीश बिडासरा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# 'सत्ता के नैतिक मानदंड' की रक्षा करता है 130वां संविधान संशोधन विधेयक : गेरा

- अध्यक्षता पंचनद शोध संस्थान केंद्र फतेहाबाद के अध्यक्ष डॉ. बलविंदर खुराना ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


फतेहाबाद। गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

पंचनद शोध संस्थान अध्ययन केंद्र द्वारा भारतीयता और राजनीति में नैतिकता, 130वे संशोधन की प्रासंगिकता विषय पर मासिक गोष्ठी का आयोजन डाइट मताना में किया गया। इस विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता व मीडियेटर एडीआर केंद्र फतेहाबाद एडवोकेट दुष्यंत गेरा थे व अध्यक्षता पंचनद शोध संस्थान केंद्र फतेहाबाद के अध्यक्ष डॉ. बलविंदर खुराना ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम् से किया गया। सर्वप्रथम डॉ. खुराना ने शोध संस्थान की गतिविधियों एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एडवोकेट दुष्यंत गेरा ने अपने सम्बोधन में बताया कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 20 अगस्त को 130वां संविधान संशोधन विधेयक संसद में पेश किया गया जिसमें अनुच्छेद 75,164 व 239ए में संशोधन करने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित नये कानून में अब प्रधानमंत्री, केन्द्र सरकार के मंत्रियों, मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के मंत्रियों को, यदि वे पांच साल या उससे अधिक सजा वाले किसी आपराधिक मामले में गिरफ्तार किए जाते हैं या हिरासत में लिए जाते हैं और 30 दिनों तक उन्हें न्यायालय से जमानत नहीं मिलती है तो 31वें दिन उन्हें उनके पद से हटा दिए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि 130वां संविधान संशोधन विधेयक, 2025 इसी कसौटी को संस्थागत रूप देता है। यह निर्णय दोषसिद्धि से पहले 'सत्ता के नैतिक मानदंड' की रक्षा करता है। यह तभी होगा जब यह विधेयक संसद से पारित होकर कानून का रुप ले लेगा। अभी यह विधेयक विचारार्थ ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी को सुपुर्द कर दिया गया है। कमेटी के सुझावों के बाद उसे सरकार संसद से पारित कराने का प्रयास करेगी। केंद्र महासचिव कुलदीप शास्त्री ने गोष्ठी का समापन सर्वे भवन्तु सुखिनः मंगल मन्त्र से किया। विचार गोष्ठी का मंच संचालन शोध अध्ययन केंद्र उपाध्यक्ष कौशल गौरी ने किया। गोष्ठी में 25 बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।

# अंतर महाविद्यालय कार्यशाला की शुरुआत

**कार्यशाला में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। राजकीय महाविद्यालय में अंतर महाविद्यालय कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को पांच दिवसीय अंतर महाविद्यालय कार्यशाला की शुरुआत उत्साहपूर्वक हुई। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय भगवान यादव ने कार्यशाला के उद्देश्यों, इसकी प्रासंगिकता और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण, रीसायक्लिंग और ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग की दिशा में ऐसे कार्यक्रम युवाओं को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक के रूप में आमंत्रित ललिता रानी और सीमा रानी ने प्रतिभागियों को शून्य कचरा सतत भविष्य की अवधारणा को विस्तारपूर्वक समझाते हुए बताया कि किस प्रकार से हम अपने दैनिक जीवन में उपयोग हो चुकी वस्तुओं को रीसायकल कर न केवल पर्यावरण को बचा सकते हैं, बल्कि रचनात्मक और उपयोगी वस्तुएं भी तैयार कर सकते हैं। कार्यशाला के प्रथम दिवस की मुख्य गतिविधि वॉल हैंगिंग निर्माण रही, जिसमें प्रतिभागियों ने पुराने गत्ते, प्लास्टिक की बोतलें, अखबार, कपड़े के टुकड़े, बटन, बीड्स आदि जैसी वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग करते हुए अत्यंत सुंदर और उपयोगी कलाकृतियां प्रस्तुत की। इस कार्यशाला में लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ. कपिल देव, सहायक प्रोफेसर पवन कुमार, डॉ. स्वाति, दिनेश कुमार, सहायक प्रोफेसर रविंद्र कुमार, पवन कुमार, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## श्री श्याम बगीची धाम सिरसा में धूमधाम से मनाया गया राधा अष्टमी पर्व



**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से श्री राधा अष्टमी पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवादार पवन गर्ग ने बताया कि श्याम बगीची धाम में रविवार रात को श्री राधा अष्टमी पर्व पर ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। अरदास ताली कीर्तन के सदस्यों ने भजनों की प्रस्तुति दी। उन्होंने भजन-राधे-राधे रटो चले आएंगे बिहारी, घुघंटियो आड़े आ गयो जी, हारा हूं बाबा पर तुम पर भरोसा है, हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं, तू कृपा कर बाबा मैं कीर्तन करवाउंगा, तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे, सांसों का बनाके हार बाबा को पहना दूं सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान राधा बन के आई छोटी बच्ची ने भजनों पर नृत्य भी किया। भजनों के दौरान बच्चों को खिलोने भी दिए गए। बाबा श्याम को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को कढ़ी-कचोरी का प्रसाद वितरित किया गया। भजनों के समापन पर बाबा श्याम की आरती की गई और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किय गया।

# महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा


चोपटा। प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित करती पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल।

नाथूसरी चोपटा की शिव मंदिर धर्मशाला में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने प्रशिक्षणार्थी महिलाओं के लिए सिलाई मशीन व प्रमाण पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस दौरान 15 प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को सिलाई मशीन व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सिलाई मशीन व अन्य प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से स्वरोजगार अपनाने में सहायता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा भी महिलाओं के उत्थान के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका लाभ लेकर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के लिए 2100 रुपए देने की योजना को भी लागू किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक रितु शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## उपनिरीक्षक शिवचन्द बने निरीक्षक, एसपी ने कंधों पर स्टार लगाकर दी शुभकामनाएं



**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस में लंबे समय से सेवा दे रहे उपनिरीक्षक शिवचन्द को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासित सेवा के चलते निरीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने स्वयं उनके कंधों पर इंस्पेक्टर रैंक के स्टार लगाकर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। एसपी कार्यालय में आयोजित इस औपचारिक समारोह में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिवचन्द जैसे कर्मठ और ईमानदार अधिकारियों की पदोन्नति न केवल विभाग के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह अन्य कर्मचारियों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेगी। कार्यक्रम में विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने नवपदोन्नत निरीक्षक को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# 5.20 किलो गांजा सहित दो तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

एनसीबी की फतेहाबाद यूनिट ने रतिया शहर में सफलता हासिल करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 5 किलो 20 ग्राम गांजा और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। यह कार्रवाई एनसीबी फतेहाबाद यूनिट के प्रभारी उप निरीक्षक तरसेम सिंह के नेतृत्व में की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा और उप पुलिस अधीक्षक जगजीत सिंह के दिशा-निर्देशों में टीम ने यह सफलता हासिल की। उन्होंने बताया कि सहायक उप निरीक्षक हेमराज और उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि रतिया शहर के फतेहाबाद रोड स्थित कम्युनिटी सेंटर गेट के सामने दो युवक संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त हैं। सूचना के आधार पर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में मौके पर दबिश दी गई। वहां मौजूद दो युवकों की तलाशी लेने पर उनके पास से गांजा बरामद हुआ, जिसका कुल वजन 5 किलो 20 ग्राम निकला। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित कुमार पुत्र गुरपाल, ताराचंद पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी रतिया, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना शहर रतिया में संबंधित धाराओं के तहत माध्यमिक मात्रा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**रन फॉर फन** | चोधरी देवीलाल विवि में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुई खेल प्रतियोगिताएं

# विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए तत्पर सीडीएलयू : कुलपति विजय

**विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने रन फॉर फन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा


सिरसा। रन फार फन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कुलपति।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने रन फॉर फन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन की अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व प्रदान करते हैं। खेल केवल शारीरिक क्षमता ही नहीं, बल्कि टीम भावना का भी निर्माण करते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भाग लेना साहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और खेल इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रो. कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में खेल सुविधाओं को और अधिक उन्नत एवं आधुनिक बनाया जाएगा, ताकि विद्यार्थी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर विद्यार्थियों को चार हाउसों-मेजर ध्यानचंद हाउस, राज्यवर्धन राठौर हाउस, मिल्खा सिंह हाउस और पी.टी. ऊषा हाउस में विभाजित किया गया और इनके बीच रन फॉर फन, वॉलीबॉल, एरोबिक्स तथा रस्साकशी जैसी रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

खेल मैदान में खिलाडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन किया। रस्साकशी प्रतियोगिता लड़कियों में प्रथम स्थान मिल्खा सिंह हाउस व पी.टी. ऊषा हाउस ने प्राप्त किया जबकि रस्साकशी प्रतियोगिता लडक़ों में प्रथम स्थान राज्यवर्धन राठौर हाउस ने प्राप्त किया।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता लडक़ों में प्रथम स्थान पी.टी. उषा हाउस ने प्राप्त किया जबकि वॉलीबॉल प्रतियोगिता लड़कियों में प्रथम स्थान मिल्खा सिंह हाउस व पी.टी. उषा हाउस ने प्राप्त किया। रन फार फन लडकियों में प्रथम स्थान पर मिल्खा सिंह हाउस की रचना रही, दूसरे स्थान पर मेजर ध्यानचंद हाउस की किरण रही व तीसरे स्थान पर मेजर ध्यानचंद हाउस की रमण दीप कौर रही। लडक़ों में प्रथम स्थान पर मिल्खा सिंह हाउस का राजपाल रहा, दूसरे स्थान पर मेजर ध्यानचंद हाउस का विजय रहा और तीसरे स्थान पर मिल्खा सिंह हाउस का गुरप्रीत सिंह रहा। विजेता खिलाडिय़ों को पुरस्कार दे कर उनका होंसला बढ़ाया गया। डीन, यूएसजीएस प्रो. सुशील कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर डॉ. मोनिका वर्मा, प्रो. अशोक मलिक, प्रो. अशोक शर्मा, डॉ. राजेश, डॉ. जगदीश चंद्र, डॉ. सविता ढांडा, डॉ. हंसराम, डॉ. शमशेर कासनिया, डॉ. मनीष, डॉ. चंद्र और डॉ. अंग्रेज सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक, छात्र एवं खेल प्रेमी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### उद्यमिता पखवाड़ा पर प्रतियोगिता आयोजित

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा 22 अगस्त से 4 सितंबर, तक उद्यमिता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में सोमवार को विचार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 30 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उद्यमिता से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रकट किए। इस प्रतियोगिता में छात्र पंकज को प्रथम स्थान, अमित कुमार को द्वितीय स्थान तथा साहिल को तृतीय रहा।

### छात्रों को करवाया दो दिवसीय फील्ड सर्वे

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग ने एमएससी तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को ओटू गांव का शैक्षणिक भ्रमण करवाया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने दो दिवसीय कार्य के दौरान गांव के सामाजिक और आर्थिक पहलुओं के बारे में जानकारी ली। भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. धर्मवीर सिंह अलावत ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को फील्ड सर्वे के लिए रवाना किया।

### चांदपुरा, सिधानी और साधनवास में धारा 163

**टोहाना।** कानून व्यवस्था और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से टोहाना उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गाँव चांदपुरा, साधनवास और सिधानी के राजस्व क्षेत्र में भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 लागू कर दी गई है। इस संबंध में उपमंडलाधीश आकाश शर्मा ने आदेश जारी किए गए हैं।जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति इन आदेशों की अवहेलना करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### युवक 9.50 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार, केस

सिरसा। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट सिरसा टीम ने गश्त के दौरान शिव चौक क्षेत्र से एक युवक को 9.50 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। पुलिस टीम गश्त के दौरान शिव चौक पर मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक मुड़कर भागने का प्रयास किया। शक के आधार पर युवक को मौके पर काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जे से 9.50 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### पुलिस ने भोपाल से पकड़ा साइबर ठग

**फतेहाबाद।**साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत साइबर थाना फतेहाबाद की टीम ने करीब 1100 किलोमीटर दूर मध्यप्रदेश के भोपाल में कार्रवाई करते हुए एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है, जिसने फर्जी कॉल कर एक लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनय मिश्रा पुत्र रमेश मिश्रा निवासी सुखसागर, भोपाल के रूप में हुई है। इस बारे पुलिस ने सोहन सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

---

न्यू सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल व उपतहसील कार्यालय समेत कई सरकारी भवनों में पानी भरा

# मूसलाधार बारिश से गांवों में खेत लबालब शहर में लगातार पानी घुसने से हालात बिगड़े

डीएमसी संजय बिश्नोई ने बताया कि बारिश का पानी नियंत्रित कर लिया गया था, लेकिन खेतों से लगातार पानी आ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना





**भूना ।** सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर पूरी तरह पानी में डूबा हुआ व हिसार रोड पर अस्थाई ड्रेन खुदाई करती जेसीबी मशीन — फोटो : हरिभूमि

शहर में बीते तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हिसार रोड और उकलाना रोड समेत शहर की प्रमुख सड़कों पर दो से तीन फुट तक पानी भर गया है। बारिश के साथ-साथ खेतों से शहर में घुस रहे पानी ने हालात और भी गंभीर बना दिए हैं। न्यू सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल और उपतहसील कार्यालय समेत कई सरकारी भवनों में पानी भर गया है।शहर की मॉडल टाउन, चंदन नगर, गणेश कॉलोनी, धमीजा कॉलोनी, श्याम विहार, अग्रवाल कॉलोनी, नेहरू पार्क एरिया, बालाजी कॉलोनी, मातूराम कॉलोनी, वार्ड नंबर 11 के रामलीला ग्राउंड एरिया और शहीद भगत सिंह मार्केट की गलियों में पानी भरा हुआ है। ढाणी सांचला, पिरथला और पारता जैसे इलाकों के खेतों से बहकर आने वाला पानी शहर की कालोनियों में घुस रहा है। ये कॉलोनियां खेतों और जोहड़ों के करीब बसी हैं, जिससे जलभराव का खतरा और बढ़ गया है।नगर पालिका और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लगातार पानी निकासी में जुटे हुए हैं। डीएमसी संजय बिश्नोई ने बताया कि बारिश का पानी नियंत्रित कर लिया गया था, लेकिन खेतों से लगातार आ रहा पानी नई चुनौती बन गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि अगले दो दिनों में हालात काबू में आ जाएंगे।पानी निकासी कार्यों में नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा, वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी, पार्षद रोहतास गोयल, रोहताश जांगड़ा, बलजीत सोनी, राजू कंबोज, और अन्य गणमान्य लोग भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। नगर परिषद के अभियंता नरेंद्र सिंह पंवार की गाड़ी जलभराव के चलते ढाणी सांचला रोड पर मैनहोल में फंस गई, जिसे लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

अस्थाई ड्रेन खुदाई शुरू, रात को ही तीन वार्डो के जलभराव कर दिखेगा असरशहर के वार्ड नंबर 7, 8 और 11 की गंभीर जलभराव समस्या से निपटने के लिए स्वर्ग आश्रम के पास हिसार रोड पर अस्थाई ड्रेन की खुदाई शुरू कर दी गई है। इसके तहत 15 किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड पाइपलाइन डालने का प्रस्ताव था, लेकिन वन विभाग की मंजूरी और नगर पालिका द्वारा जमीन न दिए जाने के चलते यह प्रोजेक्ट अधर में लटक गया। मार्च 2024 तक काम पूरा होना था, लेकिन अभी तक कार्य शुरू भी नहीं हो पाया।फिलहाल, अधिकारी और स्थानीय प्रशासन पूरी सक्रियता से पानी निकासी के प्रयास कर रहे हैं। लोगों ने भी अपने घरों में पानी घुसने से रोकने के लिए खुद ही इंतजाम किए हैं। उम्मीद की जा रही है कि आने वाले दो दिनों में शहर के हालात सामान्य हो जाएंगे।

**अस्थायी ड्रेन बनाई जा रही**

*पूर्व संसदीय सचिव दुड़ाराम ने मौके का निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ भागी राम वर्मा व नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि अस्थाई ड्रेन की खुदाई होते ही रात को ही तीन वार्डों के जलभराव का असर नजर आएगा। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में आई बाढ़ के बाद सरकार ने भूना शहर के लिए 292 करोड़ रुपये की बरसाती पानी निकासी परियोजना को मंजूरी दी थी।*

---

# कांग्रेस ने महिलाओं का अपमान किया : सिहाग

## प्रदेश में 25 सितम्बर को लॉन्च होगा 'लाडो लक्ष्मी योजना' एप : भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते निताशा सिहाग। — फोटो : हरिभूमि

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सिरसा भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष निताशा सिहाग ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही महिलाओं व माताओं को लज्जित किया है। बिहार की पवित्र भूमि दरभंगा में कांग्रेस की जनसभा में कांग्रेस के नेताओं द्वारा पीएम नरेन्द्र मोदी की माता के बारे में अपशब्द कहना निंदनीय घटना है। ऐसा करके कांग्रेस ने मां शब्द का अपमान किया है। माताएं बहनें तो सबकी सांझी होती है, ऐसे में अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए मां बहनों के शब्दों का प्रयोग कर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना कांग्रेस की मानसिकता का परिचय है। आने वाले समय में जनता ऐसे औच्छे नेताओं को करारा जवाब जरूर देगी। निताशा सिहाग सोमवार को फतेहाबाद बीजेपी जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। इसके लिए किसी सरकार दफ्तर या सीएससी सेंटर जाने की जरूरत नहीं है। इस योजना का लाभ महिलाओं को देने के लिए सरकार तत्पर है।

**भाजपा सरकार ने अपना वादा पूरा किया**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चुनावों में अपने वचन पत्र में प्रदेश की बहन बेटियों के किए गए वायदे को पूरा करते हुए दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना को जल्द शुरू करने की घोषणा करके लाखों महिलाओं को अनोखी सौगात दी है। 25 सितम्बर को इस योजना को लॉन्च किया जाएगा। सरकार की एक स्पैशल एप के माध्यम से 18 से 60 वर्ष की महिलाएं इस एप के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करके इस योजना का लाभ पा सकेंगी। एक मोबाईल में एक एप पर एक से अधिक रजिस्ट्रेशन किए जा सकेंगे। यानि यदि कोई एक परिवार में 3-4 पात्र महिलाएं हैं, तो वह एक ही मोबाईल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकेंगी।

---

कर्मचारियों ने कचरा साफ कर दिया स्वच्छता का संदेश

# जिले के शहरी क्षेत्रों में चलाया व्यापक सफाई अभियान

*शहर की मुख्य सड़क और कॉलोनियों में पेड़ों की छंटाई कर रास्तों को साफ-सुथरा बनाया जा रहा है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सफाई अभियान में जुटे नगर परिषद के कर्मचारी।

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहरों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगरपरिषद, सिरसा, डबवाली, नगर पालिका कालांवाली, रानियां व ऐलनाबाद में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान जारी है। प्रशासन की ओर से विशेष रूप से उन इलाकों पर ध्यान दिया जा रहा है, जहां बारिश के कारण पानी जमा होने की समस्या आई, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं नगर पालिका ऐलनाबाद व रानियां की टीम रविवार रात को सफाई अभियान में जुटी रही और कूड़ा एकत्रित किया। इसके अलावा नगर परिषद डबवाली की टीमों ने सफाई अभियान चलाते हुए सडक़ किनारे खड़ी घास को साफ किया। सिरसा नगरपरिषद व कालांवाली नगरपालिका के कर्मचारी भी सफाई अभियान में जुटे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने के लिए नगरपरिषद की गाडिय़ां नियमित रूप से तैनात की गई हैं। साथ ही, शहर की मुख्य सडक़ें और कॉलोनियों में पेड़ों की छंटाई कर रास्तों को साफ-सुथरा बनाया जा रहा है।

---

# राजनीतिक षड्यंत्र व बौखलाहट का परिणाम है झूठे आरोप : प्रो. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्री ब्राह्मण सभा के प्रधान प्रो. दयानंद शर्मा ने पिछले कुछ दिनों के दौरान उनके कार्यकाल के दौरान ही श्री ब्राह्मण सभा के बैनर तले करवाए गए विकास कार्यों पर झूठे आरोप लगाने वाले ब्राह्मण समुदाय के चंद लोगों की निंदा करते हुए इसे ब्राह्मण समुदाय को बदनाम करने की साजिश बताया है। सोमवार को जारी बयान में प्रो. दयानंद शर्मा ने बताया कि उनके कार्यकाल में करवाए विकास कार्यों का पूरा रिकॉर्ड व आर्थिक ब्यौरा ब्राह्मण समाज के आगे रखा जा चुका है और इसमें किसी प्रकार की कोई धांधली नहीं है क्योंकि समाज की ही पांच सदस्यीय कमेटी द्वारा इसकी जांच की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में भी जिस प्रकार उनकी कार्यकारिणी पर साढ़े 14 लाख रुपए के गबन का आरोप लगाया गया है, वह भी निराधार है क्योंकि श्री ब्राह्मण सभा की ओर से पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में खर्च व उसके बिलों से संबंधित पूरा विवरण दिया जा चुका है।

**केस करेंगे**

*श्री ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष प्रो. दयानंद शर्मा ने कहा कि जिन भी सदस्यों ने उन पर 30 से 40 लाख रुपए की संपति हड़पने का आरोप व फर्जी चैक से भुगतान का जड़ा है, जल्द ही वे इस मामले में न्यायालय की शरण लेंगे और उन पर मानहानि का केस दर्ज करवाएंगे। साथ ही उन्होंने जोड़ा कि अब ये मामला स्टेट रजिस्ट्रार सोसायटीज के संज्ञान में है और रजिस्ट्रार ने झूठे आरोप लगाने वाले दूसरे पक्ष को आगामी 12 सितंबर को तलब किया है।*

---

# राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में डीएवी पुलिस स्कूल की टीम ऑलओवर विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




फतेहाबाद। विजेता टीम को सम्मानित करते भाविप पदाधिकारी व अतिथिगण।

बदलते दौर में जहां एकल परिवार बढ़ रहे हैं वहीं बच्चों में भी संस्कारों की कमी आ रही है। भारत विकास परिषद् द्वारा बच्चों को संस्कारित बनाने वाले कार्यक्रम सराहनीय हैं। यह बात जीडी गोयंका स्कूल रतिया के एमडी बीएल बतरा ने कही। वो भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समूहगान और संस्कृत गीत गायन प्रतियोगिता और गुरु वंदन छात्र अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद् के हिसार जिले के समन्वयक ऋषिराज बुडाकिया ने की। दि आर्यन स्कूल के एमडी राकेश गोयल बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

**विद्यार्थियों को सराहा**

*राष्ट्रीय समूहगान के हिंदी गीत में प्रथम स्थान पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल की टीम रहीं वहीं द्वितीय स्थान पर ऑलिव स्कूल की टीम रही। तृतीय स्थान पर डीएवी स्कूल की टीम रही। इसी तरह संस्कृत गायन में भी डीएवी पुलिस स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर ऑलओवर ट्राफी भी जीती। अब उनकी टीम प्रांत में सहभागिता करेगी। इसके अलावा द्वितीय स्थान पर डीएवी स्कूल की टीम रही जबकि तीसरे स्थान पर ओलिव स्कूल की टीम रही। निर्णायक मंडल की भूमिका संगीतविद् विनोद गोल्डी और प्रवीण मखीजा ने की। परिषद् के जिला सह समन्वयक साहिल चिलाना कार्यक्रम पर्यवेक्षक के रुप में उपस्थित थे।*

---

बच्चे के इलाज के लिए उठ रहे मदद के हाथ

# युवांश की मदद के लिए स्विस नागरिक पाल ने दिए एक लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस में सिपाही के पद पर कार्यरत राजेश जांगड़ा के बेटे युवांश के इलाज के लिए स्विट्जरलैंड के नागरिक व मूलतः ढाणी टाहलीवाली निवासी सतपाल उर्फ पप्पू ने आज डीएसपी कुलवंत काजला के मार्फत एक लाख रुपये की राशि की मदद की। सतपाल के भतीजे मनिन्द्र सिंह, पूर्व सरपंच सुखदेव माचरा व संदीप सैनी ने डीएसपी कार्यालय पहुंचकर पीड़ित बालक के पिता राजेश जांगड़ा को एक लाख रुपये की सहायता राशि सौंपी। उल्लेखनीय है कि सिपाही राजेश का बेटा युवांश एसएमएस टाइप वन सर्वाइकल मस्कुलर एट्रोफी नामक रेयर ऑफ रेयरेस्ट बीमारी से पीड़ित है। इस बीमारी के इलाज के लिए जो इंजेक्शन लगना है उसकी कीमत 14 करोड़ रुपये है और यदि इस राशि को क्राउंड फंडिग से इक_ा किया जाता है तो यह टीका एक मिलियन अमेरीकी डॉलर अर्थात 8.6 करोड़ रुपये में मिल जाएगा। राजेश ने बेटे के इलाज के लिए मदद मांगी थी।

---

एसपी ने की अभिभावकों से अपील

# बच्चों को अज्ञात ड्राइवर या वाहन में स्कूल न भेजें : सिद्धांत जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद पुलिस द्वारा जिले में बच्चों की सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी किया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिले के समस्त अभिभावकों, विद्यालय प्रबंधन समितियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हाल के दिनों में कुछ स्थानों से ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें अज्ञात व्यक्ति नकली वैन या वाहन के माध्यम से बच्चों को ले जाने का प्रयास करते पाए गए हैं। ये व्यक्ति कभी-कभी स्कूल वैन से पहले पहुंचकर हॉर्न बजाते हैं, और स्वयं को ड्राइवर का परिचित बताकर बच्चों को गाड़ी में बैठाने का प्रयास करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने सभी अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे अपने बच्चों को अनजान वाहन या ड्राइवर के साथ बिल्कुल भी न भेजें। बच्चों को यह सिखाएं कि वे किसी अजनबी व्यक्ति की बातों में न आएं और वाहन में बैठने से पूर्व ड्राइवर की पहचान की पुष्टि अवश्य करें। यदि कोई वाहन, व्यक्ति या गतिविधि संदेहास्पद प्रतीत हो, तो बिना विलंब पुलिस नियंत्रण कक्ष नंबर 112 अथवा निकटतम पुलिस थाना को इसकी सूचना दें। एसपी जैन कहा कि विद्यालय प्रबंधन से भी अपेक्षा की है कि वह ड्राइवरों के दस्तावेजों को पूरा रखें।

---

बरसात के कारण शहरों में जलभराव को लेकर प्रशासन अलर्ट

# एसडीएम सिरसा व कालांवाली ने शहर का किया निरीक्षण

*पंप सेट लगातार चालू रखें व पाइपलाइन की सफाई समय-समय पर करते रहें: एसडीएम*

अधिकारियों ने निकासी के लिए लगाए गए पंप सेटों व ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली



**सिरसा।** जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा करते एसडीएम। — फोटो : हरिभूमि

बरसात के चलते शहरों में उत्पन्न जलभराव की स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी कड़ी में एसडीएम सिरसा राजेंद्र कुमार ने सोमवार को शहर के विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने सडक़ों, मुख्य बाजारों और निचले क्षेत्रों में बरसाती पानी की स्थिति का जायजा लिया।इसी प्रकार एसडीएम कालांवाली मोहित कुमार ने भी कालांवाली शहरी क्षेत्र का दौरा कर अधिकारियों से जल्द पानी निकासी के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पानी निकासी के लिए लगाए गए पंप सेटों व ड्रेनेज सिस्टम का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही एसटीपी प्लांट, पाइपलाइन और पंपिंग सेटों की कार्यप्रणाली को जांचा और अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसाती पानी की निकासी में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा लोगों को जलभराव की समस्या से तुरंत राहत मिले। उन्होंने कहा कि पंप सेट लगातार चालू रखें और पाइपलाइन की सफाई समय-समय पर होती रहे, ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

**नागरिकों से अपील- जलभराव होने पर तुरंत प्रशासन को सूचना दें**

*प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि वे बारिश के दिनों में अनावश्यक रूप से जलभराव वाले इलाकों में न जाएं और किसी समस्या की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें। कालांवाली निरीक्षण के दौरान पब्लिक हेल्थ विभाग के एसडीओ, जेई, नगर पालिका सचिव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।*